भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.08.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2637 का उत्तर

बिहार से होकर गुजरने वाली वंदे भारत ट्रेनें

2637. श्री अभय कुमार सिन्हा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का जहानाबाद, गया, औरंगाबाद, सासाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन और बनारस के रास्ते पटना से दिल्ली के लिए नई रेलगाड़ी शुरू करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो समय-सीमा का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान शुरू की गई वंदे भारत ट्रेनों की संख्या कितनी है; और

(घ) बिहार से होकर गुजरने वाली रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): चूंकि रेलवे नेटवर्क राज्य की सीमाओं के बाहर फैला हुआ होता है, इसलिए नेटवर्क आवश्यकता के अनुसार ऐसी सीमाओं के आर-पार गाड़ियां चलाई जाती हैं। 102 वंदे भारत गाड़ी सेवाओं (31 जुलाई, 2024 तक) में से, 08 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं (प्रारंभिक/समापन आधार पर) बिहार राज्य में स्थित स्टेशनों के यात्रियों को सेवित कर रही हैं।

इस समय, पटना और गया दोनों क्रमश: 28 जोड़ी और 24 जोड़ी गाड़ियों द्वारा दिल्ली से अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं, जिनका लाभ दिल्ली क्षेत्र की यात्रा करने के इच्छुक जहानाबाद के यात्री उठा सकते हैं। इसके अलावा, वंदे भारत गाड़ियों सहित गाड़ी सेवाएं शुरू करना भारतीय रेल पर यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन एक सतत् प्रक्रिया है। 2021-22 से 2023-24 की अवधि के दौरान, 98 वंदे भारत सेवाएं शुरू की गई हैं।

*****